ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 02-02-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-02-02 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-02-03	2021-02-04	2021-02-05	2021-02-06	2021-02-07
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	5.0	8.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	20.0	20.0	17.0	16.0	16.0
न्यूनतम तापमान(से.)	5.0	5.0	6.0	7.0	7.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	90	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	60	60	60	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	8.0	10.0	10.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	320	100	100	90	350
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	1	5	5	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (26 जनवरी – 01 फरवरी, 2020) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान बादलों सेआंशिक से पूर्णतः आच्छादित रहा। अधिकतम तापमान 14.5 से 19.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 4.5 से 10.1 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 94 से 100 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 55 से 84 प्रतिशत एवं हवा 0.4 से 4.5 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली। आने वाले पांच दिनों में, 4 और 5 फरवरी को हल्की वर्षा हो सकती है अन्यथा मौसम साफ रहेगा।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 16.0 से 20.0 व 5.0 से 7.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| 4 और 5 फरवरी को कहीं-कहीं ओला पड़ने की भी सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले पांच दिनों में, 4 और 5 फरवरी को हल्की वर्षा व कहीं-कहीं ओला पड़ने की भी सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	विलम्ब से बोई गई फसल में खरपतवार नियंत्रण करे। खरपतवार नियंत्रण हेतु संस्तुत खरपतवारनाशी रसायनो का प्रयोग मौसम को ध्यान मे रखकर करे।
गन्ना	नौलख गन्ना की कटाई 15 फरवरी से पहले न करें।
मसूर की दाल	मसूर की फसल मे फूल बनते समय 2 प्रतिशत यूरिया के घोल का पर्णीय छिड़काव करे। प्रथम छिड़काव के 10-15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करे। प्रति हैक्टर 600-700 लीटर पानी का प्रयोग करे। छिड़काव मौसम को ध्यान मे रखकर करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
लौकी	लौकी उगाने हेतु खेत की तैयारी करें।
आलू	आलू में झुलसा रोग की रोक थाम हेतु, मैनकोजेब का 2.5 किग्रा प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गियों के आवास के तापमान का अनुरक्षण करें। सरद ऋतु मे बिछावन की मोटाई बढा दे जिससे कुक्कुट को पर्याप्त गर्मी मिलती रहे।